**Series JBB/C** **SET-3**

कोड नं. **4/C/3**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **7** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं ।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (ब)
# HINDI (B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *प्रश्न–पत्र **चार** खण्डों में विभाजित किया गया है — **क, ख, ग** एवं **घ** । सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* ***खण्ड क** में प्रश्न अपठित गद्यांश पर आधारित हैं ।*

*(iii)* ***खण्ड ख** में प्रश्न संख्या **2** से **6** तक प्रश्न व्याकरण के हैं ।*

*(iv)* ***खण्ड ग** में प्रश्न संख्या **7** से **11** तक प्रश्न पाठ्य-पुस्तकों से हैं ।*

*(v)* ***खण्ड घ** में प्रश्न संख्या **12** से **16** तक प्रश्न रचनात्मक लेखन के हैं ।*

*(vi)* *यथासंभव प्रत्येक खण्ड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए ।*

*(vii)* *उत्तर संक्षिप्त तथा क्रमिक होने चाहिए और साथ ही दी गई शब्द सीमा का यथासंभव अनुपालन कीजिए ।*

*(viii)* *प्रश्न–पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में से **केवल एक ही विकल्प का उत्तर** लिखिए ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खण्ड क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

राष्ट्रवाद एक विचित्र वस्तु है, जो देश के इतिहास के किसी ख़ास मुकाम पर तो जीवन, उन्नति, शक्ति और एकता प्रदान कर राष्ट्र को सबल करता है, लेकिन साथ ही इसकी सीमित कर देने की प्रवृत्ति भी है क्योंकि व्यक्ति यह सोचने लगता है कि मेरा देश बाकी दुनिया से भिन्न ही नहीं, सर्वश्रेष्ठ भी है । इस तरह व्यक्ति का दृष्टिकोण बदल जाता है और वह अपने ही संघर्षों और अच्छाइयों और बुराइयों के सोच में फँसा रहता है और दूसरे विचार उसके सामने आते ही नहीं । परिणाम यह होता है कि जो राष्ट्रवाद किसी देश की उन्नति का प्रतीक होता है, वही मानसिक विकास के अवरुद्ध होने का प्रतीक भी बन जाता है । राष्ट्रवाद जब सफल होता जाता है, तो कभी-कभी यह बड़े आक्रामक तरीके से चारों तरफ फैलता है और दुनिया के लिए ख़तरा बन जाता है ।

इसके संतुलन के लिए आवश्यक है कि हम एक-दूसरे को ठीक से समझें । परस्पर मित्रता का भाव बहुत ज़रूरी है, क्योंकि मित्रता का व्यवहार करने से दूसरा भी वैसा ही व्यवहार करता है । मुझे इसमें ज़रा भी संदेह नहीं है कि यह मानव जीवन का मूल सिद्धांत है कि यदि क्रिया अच्छी होगी तो प्रतिक्रिया भी अच्छी होगी । यदि हम अपने साथी मनुष्यों या देशों को सम्मान देते हुए उनके साथ मित्र-भाव से व्यवहार करेंगे और दिल–दिमाग खोलकर हर अच्छाई को स्वीकार करेंगे तो उन्हें सही प्रकार से समझ पाएँगे । दूसरे की सोच भी बदलेगी ।

(क) राष्ट्रवाद को विचित्र वस्तु क्यों कहा है ? *2*

(ख) मानसिक विकास कैसे अवरुद्ध हो जाता है ? *2*

(ग) 'यदि क्रिया अच्छी होगी तो प्रतिक्रिया भी अच्छी होगी' – आशय स्पष्ट कीजिए । *2*

(घ) राष्ट्रवादी भावना को किस प्रकार संतुलित किया जा सकता है ? इससे क्या लाभ होगा ? *2*

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए । *1*

(च) राष्ट्रवाद दुनिया के लिए ख़तरा कैसे बन जाता है ? *1*

## खण्ड ख

**2.** 'शब्द' किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए । *1*

**3.** निम्नलिखित वाक्यों का निर्देशानुसार रूपांतरण कीजिए : *1×3=3*

(क) जो लोग काम करने वाले थे उन्हें सूचना दे दी गई थी । (सरल वाक्य में)

(ख) ठीक चार बजकर दस मिनट पर सुभाष बाबू जुलूस लेकर आए । (मिश्र वाक्य में)

(ग) मैदान के मोड़ पर पहुँचते ही पुलिस ने लाठियाँ चलानी शुरू कर दीं । (संयुक्त वाक्य में)

**4.** (क) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करके समास के नाम भी लिखिए : *1×2=2*

(i) यथासंभव

(ii) विद्यालय

(ख) निम्नलिखित पदों के समस्त पद बनाकर समास के नाम भी लिखिए : *1×2=2*

(i) चार राहें मिलती हैं जहाँ (स्थान विशेष)

(ii) नीला है जो गगन

**5.** निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : *1×4=4*

(क) हमारा लक्ष्य देश की चहुँमुखी प्रगति होनी चाहिए ।

(ख) पुस्तकें ये किसकी हैं ?

(ग) विद्यालय में हमने योग करा ।

(घ) मैं मंगलवार के दिन दिल्ली पहुँच जाऊँगी ।

**6.** निम्नलिखित मुहावरों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए : *1×4=4*

(क) जान बख़्श देना

(ख) सुध-बुध खोना

(ग) खुशी का ठिकाना न रहना

(घ) ठोकर खाना

## खण्ड ग

**7.** निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर 80 – 100 शब्दों में लिखिए :

"समाज के पास अगर शाश्वत मूल्यों जैसा कुछ है तो वह आदर्शवादी लोगों का ही दिया हुआ है ।" 'गिन्नी का सोना' पाठ के अनुसार इस कथन को अपने आस-पास के उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए । *5*

**अथवा**

'अब कहाँ दूसरे के दुख में दुखी होने वाले' पाठ में समुद्र का जो शब्द-चित्र लेखक ने खींचा है, उसे अपने शब्दों में लिखिए ।

मनुष्य को प्रकृति के इस प्रकार के गुस्से से बचने के लिए क्या कदम उठाने चाहिए ? *5*

**8.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) 'इम्तिहान पास कर लेना कोई चीज़ नहीं, असल चीज़ है बुद्धि का विकास ।' बड़े भाई साहब के उपर्युक्त कथन पर अपने विचार लिखिए ।

(ख) 26 जनवरी, 1931 को मोनुमेंट के नीचे सुभाष बाबू की जो सभा हुई उसकी क्या विशेषताएँ थीं ? 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर लिखिए ।

(ग) 'कारतूस' नाटिका में कर्नल ने वज़ीर अली की प्रशंसा में क्या कहा और क्यों ?

(घ) 'प्रेम रूढ़ियों का बंधन नहीं मानता' – 'तताँरा-वामीरो कथा' के आधार पर सिद्ध कीजिए ।

**9.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** के उत्तर 30 – 40 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) कहलाने एकत बसत अहि मयूर, मृग बाघ ।
जगतु तपोबन सौ कियौ दीरघ-दाघ निदाघ ।।
'बिहारी' के इस दोहे के सौंदर्य पर अपने विचार लिखिए ।

(ख) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में 'भू पर अंबर के टूट पड़ने' का भावार्थ स्पष्ट कीजिए ।

(ग) शहीद होने वाले सैनिक ने अपने साथियों से क्या कहा ? 'कर चले हम फ़िदा' कविता के आधार पर लिखिए ।

(घ) 'कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूँढै बन माँहि' – इस पंक्ति के माध्यम से कबीर क्या कहना चाहते हैं ?

**10.** निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 80 – 100 शब्दों में लिखिए :

मैथिलीशरण गुप्त ने मनुष्यता के लिए किन गुणों को आवश्यक बताया है ? विस्तार से लिखिए । आपकी दृष्टि में 'मनुष्यता' के लिए क्या ज़रूरी है ? क्यों ? *5*

**अथवा**

'आत्मत्राण' कविता में कवि ने प्रभु से क्या प्रार्थना की है ? यह प्रार्थना सामान्य प्रार्थना से भिन्न कैसे है ? *5*

**11.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 60 – 70 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) "हरिहर काका तो महंत के इस व्यवहार से जैसे आसमान से ज़मीन में आ गए थे"– महंत के 'इस व्यवहार' को विस्तार से स्पष्ट कीजिए ।

(ख) टोपी को अपनी दादी की अपेक्षा इफ़्फ़न की दादी बहुत प्रिय क्यों थी ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।

## खण्ड घ

**12.** आपके विद्यालय में दीवाली के लिए दीए तैयार किए गए हैं । उनकी बिक्री के लिए एक विज्ञापन लगभग 25 – 50 शब्दों में तैयार कीजिए । 5

**अथवा**

प्लास्टिक के प्रयोग से बचने के लिए जनहित की दृष्टि से लगभग 25 – 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । 5

**13.** 'संतुलित भोजन' पर दो मित्रों के बीच हुए संवाद को लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए । 5

**अथवा**

परीक्षा के आखिरी दिन दो सहपाठियों के बीच हुए संवाद को लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए । 5

**14.** आपका विद्यालय दसवीं कक्षा के बच्चों को पुस्तक मेले में कवि अरुण कमल से भेंट करने का अवसर दे रहा है । इसकी सूचना 40 – 50 शब्दों में लिखिए । 5

**अथवा**

'प्रकृति' क्लब ने कुछ गमले तैयार किए हैं, जिन्हें वे इच्छुक छात्रों में वितरित करना चाहते हैं । क्लब के सचिव की ओर से 40 – 50 शब्दों में सूचना लिखिए । 5

**15.** स्वास्थ्य अधिकारी को 80 – 100 शब्दों में पत्र लिखकर निवेदन कीजिए कि कीटनाशक और नकली रंगों से मुक्त सब्ज़ी और फल उपलब्ध करवाने के लिए मंडी में पर्याप्त जाँच की व्यवस्था करें । 5

**अथवा**

आप विद्यालय के खेल सचिव हैं । आप नवीं-दसवीं कक्षा के बीच फुटबॉल मैच आयोजित करवाना चाहते हैं, अतः उसकी अनुमति के लिए प्रधानाचार्य को 80 – 100 शब्दों में पत्र लिखिए । 5

**16.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर 80 – 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : *6*

(क) बुज़ुर्गों के प्रति सम्मान

- अवहेलना से तात्पर्य
- क्यों ज़रूरी है सम्मान
- चेहरों की चमक कैसे लौटे

(ख) हिमपात का दृश्य

- कब, कहाँ ?
- हिमपात का सौंदर्य
- लोगों का उत्साह

(ग) जल ही जीवन है

- जल का महत्त्व
- संरक्षण
- जल-चेतना